## पाठ 8

# देखा तमाशा






चलो–चलो जी हम सब मिलकर
देखने जाएँ मेला
भीड़ बहुत है जहाँ भी देखो
है लोगों का रेला।
तरह–तरह के स्वादवाले
पकवानों के ढेर लगे
लार टपकने लगती है जी
भरे पेट भी भूख जगे।
झूला झूलो दस रुपए में
पाँच रुपए में गुब्बारे
पैसे देकर करतब देखो
जोकर लगते प्यारे।

1. क्या आप कभी मेले में गये हैं? वहाँ आपने क्या–क्या किया?

_______________________________________________

_______________________________________________

2. आपको सबसे अच्छा मेला कौन सा लगता है? और क्यों?

_______________________________________________

_______________________________________________

आज बच्चों के बीच काफी चहल–पहल है। मध्याह्न भोजन के बाद विद्यालय में एक फिल्म 'तारे जमीं पर' दिखाई गई। सभी बच्चों ने फिल्म का आनंद उठाया। आपने भी फिल्में देखी होंगी।

3. आपको किस तरह की फिल्में अच्छी लगती हैं? अपनी कुछ मनपसंद फिल्मों के नाम लिखिए।

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

हम कई तरह से अपना मन बहलाते हैं। कभी मेला देखने जाते हैं तो कभी फिल्म देखते हैं। इसी तरह कुछ लोग पतंग उड़ाकर भी अपना मन बहलाते हैं।

4. आप अपनी पसंद की पतंग का चित्र बनाइए। उसमें रंग भी भरिए।

5. पतंग उड़ाने के लिए किन–किन चीज़ों की ज़रूरत होती है?

_______________________________________________

_______________________________________________

6. पतंग पूरे भारत में विभिन्न अवसरों पर उड़ाई जाती है। आप कब–कब पतंग उड़ाते हैं?

________________________________________________

________________________________________________

7. भारत के अलग–अलग राज्यों में किन–किन अवसरों पर पतंग उड़ाई जाती है? पता लगाइए।

| क्र.सं. | राज्यों के नाम | अवसर |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | मकर–संक्रान्ति |
| 2. | बिहार | |
| 3. | दिल्ली | |

8. हम कई तरह से अपना मनोरंजन करते हैं। कभी हम दोस्तों के साथ खेल खेलते हैं तो कभी बड़ों के साथ कहीं बाहर जाते हैं। आप अपने मनोरंजन के लिए क्या–क्या करते हैं?

दोस्तों के साथ ______________________________________

________________________________________________

बड़ों के साथ ______________________________________

________________________________________________

9. खेल–तमाशे और मनोरंजन के विभिन्न साधनों से हमें क्या फायदे होते हैं?

________________________________________________

________________________________________________

**परियोजना कार्य**

***रंगीन कागज़ और कमाची की सहायता से आप भी अपनी पतंग बनाकर उड़ाइए।***

## आपस में चर्चा कीजिए :

1. कुन्दन की माँ का बचपन कहाँ बीता होगा?

___________________________________________________

2. आपकी माँ बचपन में किन–किन लोगों के साथ रहती होगी?

___________________________________________________

___________________________________________________

3. आपकी माँ, आपके पिताजी के संग रहने के लिए किस प्रकार आई होगी?

___________________________________________________

___________________________________________________

## सोचिए और लिखिए

4. कुन्दन के मामाजी गाँव में न रहकर बनारस में रहते हैं। क्यों?

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

___________________________________________________

5. आपके परिवार के कौन–कौन से सदस्य पहले आपके साथ रहते थे, जो आज नहीं रहते हैं? अब वे कहाँ रहते हैं और इसके क्या कारण हो सकते हैं?

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | अब कहाँ रहते हैं | कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

पिताजी मामाजी से बातें करने लगे। मामाजी ने बताया–"अंजली दीदी की ननद मेघना के बी.ए. पास करते ही बड़े धूमधाम से शादी हो गई। लड़के वाले मुंगेर के रहने वाले हैं। दूल्हा–दुल्हन की जोड़ी बहुत सुन्दर लग रही थी। सभी लोग प्रसन्न थे। आप लोग नहीं आए। आप लोगों की कमी खल रही थी। सभी लोग आपको याद कर रहे थे।" माँ ने कहा– " बच्चों की परीक्षाएँ चल रही थीं इस लिए नहीं आ पाई "।

**बताइए............**

6. शादी के बाद मेघना कहाँ रहेगी?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

7. मेघना को वहाँ किन–किन रिश्तों से जाना जाएगा?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

8. आप अपने परिवार के निम्न सदस्यों से पूछकर पता लगाइए कि वे अपनी शादी के पहले कहाँ और किनके साथ रहते थे?

| क्र.सं. | रिश्तेदारों का नाम | शादी से पहले का निवास | किनके संग |
|---|---|---|---|
| 1 | माँ | | |
| 2 | बुआ | | |
| 3 | चाचा | | |
| 4 | चाची | | |
| 5 | पिताजी | | |